तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि

रायपुर, मंगलवार 19 अगस्त 2025

12 शिकारी केसली में हुई मटकी फोड़ प्रतियोगिता



14 बलौदाबाजार में जन्माष्टमी पर उमड़ा श्रद्धा का सैलाब





B.M. COLLEGE
BCA BBA
PGDCA B.Ed.
आई.टी.आई.
कोपा • इलेक्ट्रिशियन
हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
डीजल मैकेनिक
फायर टेक्नालॉजी
स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065

# नवीन अमलीडीह में पानी टंकी निर्माण में भारी अनियमितता उजागर

**घटिया निर्माण के चलते पीएचई और ठेकेदार पर मिलीभगत के आरोप**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी

जनपद पंचायत कसडोल के अंतर्गत टुण्डरा तहसील के ग्राम पंचायत नवीन अमलीडीह में नल जल योजना के तहत बनाई गई पानी टंकी का घटिया निर्माण उजागर हुआ है। टंकी चालू होते ही उसमें चारों ओर से पानी का रिसाव शुरू हो गया है, जिससे ग्रामीणों में आक्रोश है। ग्रामीणों का कहना है कि टंकी में पानी ठहरता ही नहीं—मोटर के चालू रहने तक ही पानी सप्लाई होती है, और बंद होते ही टंकी खाली हो जाती है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि ठेकेदार ने निर्माण कार्य में सरिया और सीमेंट की गुणवत्ता से समझौता किया है। पूरे निर्माण में लापरवाही और अनियमितता स्पष्ट दिख रही है। पानी टंकी की यह हालत एक सप्ताह में ही सामने आ गई, जिससे क्षेत्र में योजना की पारदर्शिता पर सवाल उठने लगे हैं।

**गंभीर खतरे की आशंका :** टंकी से हो रहे लगातार रिसाव के कारण ग्रामीणों को आशंका है कि यदि समय रहते इसकी मरम्मत नहीं हुई, तो यह कभी भी धराशायी हो सकती है, जिससे जन-धन की भारी क्षति हो सकती है। आश्चर्य की बात यह है कि पानी टंकी स्थल पर कोई सूचना फलक भी नहीं लगाया गया, जिससे निर्माण एजेंसी, लागत और स्वीकृति संबंधी जानकारी जनता के सामने नहीं आ सकी है।





## जवाबदेही टाल रहे अधिकारी

इस गंभीर मामले पर जब पीएचई विभाग कसडोल के एसडीओ मनोज दखोडे से जानकारी मांगी गई, तो उन्होंने कहा कि चलिए देख लेते हैं, ठेकेदार को बुलाता हूँ। वहीं ग्राम सरपंच जवाहिर प्रधान ने बताया कि टंकी से पानी रिसाव की जानकारी ठेकेदार को दे दी गई है और उन्होंने पुनः कार्य करने का आश्वासन दिया है। दूसरी ओर उपसरपंच लोचन प्रधान सहित ग्रामीणों ने घटिया निर्माण की जांच कर ठोस कार्रवाई की मांग की है। शासन की मंशा है कि हर घर तक शुद्ध पेयजल पहुंचे, लेकिन इस तरह की लापरवाहियों से योजनाओं की साख पर बट्टा लगता है। ठेकेदारों को चेतावनी दी गई है कि यदि निर्माण कार्य में गुणवत्ता से समझौता हुआ, तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## खबर संक्षेप

### नेशनल लोक अदालत का आयोजन 13 को

**बलौदाबाजार।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर 13 सितम्बर 2025 को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। जिले में जिला एवं तहसील स्तर पर न्यायालय परिसर में नेशनल लोक अदालत आयोजित की जायेगी। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बलौदाबाजार से प्राप्त जानकारी के अनुसार नेशनल लोक अदालत में दीवानी, फौजदारी, मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, पारिवारिक विवाद, श्रम विवाद धारा 138 मामले, किराया, बैंक वसूली, विद्युत चोरी के राजीनामा योग्य मामले, जिला न्यायालय में लंबित (भू-अर्जन से संबंधित प्रकरण एवं राजस्व मामले) एवं अन्य मामलों का निराकरण के प्रकरण शामिल है।

### नपं सभापति के घर से 27 लीटर अवैध महुआ शराब बरामद



**बलौदाबाजार।** नगर पंचायत लवन के वार्ड क्रमांक 13 के निर्दलीय पार्षद संतोष घृतलहरे के घर से पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध महुआ शराब का जखीरा बरामद किया है। लवन थाना पुलिस ने छापेमारी में अलग-अलग जरी कैन में छुपाकर रखे गए कुल 27 लीटर अवैध महुआ शराब जब्त की। आरोपी पार्षद को आबकारी अधिनियम की धारा 34/2 के तहत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया,जहां से इसे न्यायिक रिमांड में जेल भेजा गया। बलौदाबाजार पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आरोपी की शराब बेचने की शिकायत काफी लंबे समय से आ रही थी, इसकी शिकायत समाधान सेल के माध्यम से की गई थी इसके बाद बलौदाबाजार जिले के लवन थाना पुलिस ने आरोपी पार्षद के घर रेड कार्रवाई की। छापेमारी की कार्रवाई सुबह-सुबह की गई जब पुलिस आरोपी के घर पहुंची तो दंग रह गई आरोपी अलग-अलग जगह में छुपा कर बेचने के लिए शराब रखा हुआ था। पुलिस ने अवैध कच्ची महुआ शराब 27 लीटर जिसकी अनुमानित कीमत 5400 रु है जप्त किया। गौरतलब है कि संतोष घृतलहरे नगर पंचायत लवन में पुनर्वास नियोजन विभाग के सभापति भी हैं। एक चुने हुए जनप्रतिनिधि के घर से अवैध शराब बरामद होना नगर में चर्चा का प्रमुख विषय बना हुआ है।

### 50 से ज्यादा लोग ठगी के शिकार, पुलिस से जांच और कार्रवाई की मांग

# फाइनेंस कंपनी के पूर्व अधिकारी पर भारी वित्तीय गड़बड़ी का आरोप, जांच जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार।

■ किस्तें चुकाने के बावजूद फर्जी रसीद, खराब हुआ ग्राहकों का सिविल स्कोर

फाइनेंस कंपनी के पूर्व अधिकृत अधिकारी आकाश सिंह ठाकुर पर ग्राहकों से लाखों रुपये की ठगी का गंभीर आरोप सामने आया है। पीड़ितों ने पुलिस अधीक्षक बलौदाबाजार-भाटापारा को ज्ञापन सौंपते हुए तत्काल जांच व कड़ी कार्रवाई की मांग की।

शिकायतकर्ताओं ने बताया कि भाटापारा स्थित अरुण बजाज शोरूम से वाहन खरीदने के बाद, उन्होंने किश्त की रकम आकाश ठाकुर को दी थी, लेकिन वह रकम कंपनी खाते में जमा ही नहीं की गई। इस गड़बड़ी के चलते कई लोगों के लोन अब भी चालू दिख रहे हैं, जिससे उनका सिविल स्कोर खराब हो रहा है और बैंकिंग लेनदेन में परेशानियां आ रही हैं।



इस शिकायत के संदर्भ मे आकाश सिंह ठाकुर से पूछे जाने पर उन्होंने ग्राहकों से पैसा लेना स्वीकार्य किया और बताया की वो फाइनेंस कंपनी की ओर से ग्राहकों को लोन सुविधा उपलब्ध कराने हेतु नियुक्त हुए थे, ग्राहकों की किस्त जमा लेना उनके कार्य का हिस्सा नहीं था फिर भी व्यवहार में वो ग्राहकों से पैसा लेकर उनकी कंप्यूटर्स से रसीद निकल के दे देते थे, ये पैसा उन्होंने कंपनी से नियुक्त कलेक्शन अधिकारी के पास जमा कर दिया था, वो पैसा आगे जमा नहीं किया हैं। वर्तमान मे बजाज फाइनेंस कंपनी ने मुझे जॉब ▶▶| शेष पेज 12 पर

## कंपनी और शोरूम की सफाई

शोरूम मैनेजर गुरचरण सिंह ने कहा कि आकाश ठाकुर को हटाए जाने के बाद ही मामले का खुलासा हुआ, अब तक 50 से ज्यादा ग्राहक शिकायत कर चुके हैं। उन्होंने अनुमान जताया कि 5 से 7 लाख रुपये से अधिक की हेराफेरी हो चुकी है। बजाज फाइनेंस के रीजनल मैनेजर अमित विश्वकर्मा ने भी इस पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि आकाश को तत्काल प्रभाव से बाहर का रास्ता दिखाया गया है, और भीतरी जांच जारी है। जरूरत पड़ने पर पुलिस में जालसाजी की रिपोर्ट दर्ज कराई जाएगी।

# खाद भंडारण और विरतण की कलेक्टर सोनी ने की समीक्षा



■ खाद वितरण की समीक्षा बैठक में दिए निर्देश

**बलौदाबाजार।** कलेक्टर दीपक सोनी ने सोमवार को कृषि, सहकारिता एवं संबंधित विभागों के अधिकारियों की बैठक लेकर जिले में उर्वरक भण्डारण एवं वितरण की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को किसानों को पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध कराने तथा अधिक से अधिक किसानों को एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन कराकर योजनाओं का लाभ दिलाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि किसानों की जरूरतों के अनुसार समय पर उर्वरक की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए ताकि कृषि कार्य प्रभावित न हो।

उन्होंने बताया कि एग्रीस्टेक पोर्टल किसानों के लिए सरकार की कृषि योजनाओं का माध्यम है। इसलिए सभी किसानों को इसमें पंजीयन कराना आवश्यक है जिससे वे योजनाओं का लाभ उठा सकें। कलेक्टर ने जिला प्रशासन की ओर से किसानों के हित में निरंतर प्रयासों की भी जानकारी देते हुए आश्वासन दिया कि जिले के किसान हर संभव सहायता प्राप्त करेंगे।

**उर्वरक वितरण व्यवस्था :** जिले में उर्वरक की उपलब्धता और सही समय पर वितरण के लिए विशेष ध्यान रखा जा रहा है। किसानों को बिना किसी बाधा के उर्वरक मिलना सुनिश्चित करने ▶▶| शेष पेज 12 पर

# पीआईसी की बैठक में हंगामे की भेंट चढ़ा पाइपलाइन बिछाने का मुद्दा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

■ सीएमओ और इंजीनियर पर लगा लाखों के घोटाले का आरोप

नगर पालिका की सामान्य सभा की बैठक सोमवार को उस समय हंगामे की भेंट चढ़ गई जब पार्षदों ने इंजीनियर और सीएमओ पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाते हुए विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। यह बैठक पा इ प ला इ न बिछाने संबंधी प्रस्ताव पर चर्चा के लिए बुलाई गई थी, जिसे लेकर नगरवासियों और जनप्रतिनिधियों में विशेष रुचि थी। परंतु भ्रष्टाचार को लेकर उपजे विवाद ने बैठक की दिशा ही बदल दी।

बैठक की शुरुआत में ही पार्षदों ने पेयजल टैंकर आपूर्ति, फिल्टर प्लांट में फर्जी भुगतान और वार्ड में अनुपस्थित मशीनों के भुगतान जैसे मामलों को उठाया। पार्षद ने अपने वार्ड में 49,999 रुपये की एक मशीन के भुगतान का मुद्दा उठाया जो वहां मौजूद ही नहीं है। पार्षदों का कहना था कि सीएमओ रामकृष्ण साहू और इंजीनियर कोकिला प्रधान बिना पार्षदों की जानकारी के मनमाने तरीके से भुगतान कर रहे हैं।




## भ्रष्टाचार का मुद्दा या बहाना?

नागरिकों ने सवाल उठाया कि यदि भ्रष्टाचार का मुद्दा इतना गंभीर था, तो उसे पिछली दो बैठकों में क्यों नहीं उठाया गया? अब जबकि नगर के लिए एक अहम मुद्दे पर फैसला लिया जाना था, तभी यह विवाद क्यों खड़ा किया गया? बैठक में बढ़ते हंगामे को देखते हुए अध्यक्ष हरदीप सिंह भाटिया ने बैठक को स्थगित कर दिया। अब इस विवाद को लेकर प्रशासनिक कार्रवाई और आगे की रणनीति पर सभी की निगाहें टिकी हैं।

## नगरहित का मुद्दा पीछे छूटा

नगरवासियों का कहना है कि पाइपलाइन से संबंधित विषय नगर हित में बेहद जर लेकिन उसे जानबूझकर हंगामे की भेंट चढ़ा दिया गया। लोगों को संदेह है कि यह एक बड़ी साजिश के तहत किया गया, ताकि इस पर खुलकर चर्चा न हो सके।

### सतरंगी सूत्र शपथ लेकर पंचायत प्रतिनिधियों ने लिया संकल्प

# साइबर धोखाधड़ी व वित्तीय जोखिम से बचाव के लिए जरूरी है सतर्कता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

■ फाइनेंशियल लैब जल्द होगा शुरू, हर माह चलेगा जागरूकता अभियान

छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव के अंतर्गत जिले में वित्तीय साक्षरता एवं साइबर जागरूकता सेमिनार का आयोजन सोमवार को जिला ऑडिटोरियम में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सतरंगी सूत्र शपथ के साथ हुई, जिसे कलेक्टर दीपक सोनी ने सरपंच, पंच, सचिव और स्व सहायता समूह की महिलाओं को दिलाई।

कलेक्टर श्री सोनी ने कहा कि आज डिजिटल युग में जहां सुविधाएं बढ़ी हैं, वहीं वित्तीय धोखाधड़ी के मामले भी तेजी से बढ़ रहे हैं। उन्होंने बताया कि जिले में जल्द ही फाइनेंसियल लैब की शुरुआत की जाएगी, ताकि आम नागरिकों को डिजिटल सुरक्षा, निवेश और बजटिंग के बारे में गहराई से समझाया जा सके। पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता ने साइबर अपराध की गंभीरता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अपराधियों से बचाव के लिए जनता को अपनी लज्जा और डर को त्याग कर पुलिस को तुरंत सूचित करना चाहिए। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत गुडेलिया एवं लिमाही को जल संरक्षण एवं स्वच्छता में उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सीईओ जिला पंचायत दिव्या अग्रवाल, डिप्टी कलेक्टर श्यामा पटेल, साइबर सेल प्रभारी प्रणाली वैद्य, ▶▶| शेष पेज 12 पर



## साइबर अपराध से डरे नहीं, जागरूक रहें

सायबर ऑप्स के संस्थापक मुकेश चौधरी ने कहा कि आम जनता को साइबर सुरक्षा से डरने की नहीं, सावधानी रखने की जरूरत है। किसी भी अज्ञात लिंक पर क्लिक न करें, ओटीपी या बैंक जानकारी किसी से साझा न करें। यदि कोई साइबर धोखाधड़ी होती है, तो तुरंत राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर सूचित करें। वरिष्ठ साइबर विशेषज्ञ पुष्पराज वर्मा और हेमंत वर्मा ने भी साइबर सुरक्षा के कई अहम बिंदुओं पर जानकारी दी।




**खबर संक्षेप**

## स्वतंत्रता सेनानियों की प्रतिमाओं पर पोती कालिख, ग्रामीणों में आक्रोश




**बंगला**। पलारी विकासखंड के ग्राम जर्वे में अज्ञात लोगों की शर्मनाक हरकत सामने आई है। यहां स्थित कुर्मी भवन में लगे स्वतंत्रता सेनानियों की प्रतिमाओं पर बीती रात कालिख पोत दी गई। ग्रामीणों से प्राप्त जानकारी के अनुसार, भवन में स्थापित स्वतंत्रता सेनानी चौबीस राम चंद्रवंशी, झालूराम चंद्रवंशी और शालिग्राम चंद्रवंशी की प्रतिमाओं को 17 अगस्त की रात लगभग 12 से 1 बजे के बीच अज्ञात लोगों ने निशाना बनाया। स्वतंत्रता सेनानियों के अपमान से आहत ग्रामीणों ने दोषियों को शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

### मंधाईभाठा में उल्टा फहराया गया झंडा, नियमों की उड़ाई गई धज्जियां

# उप स्वास्थ्य केंद्र में तिरंगे का अपमान जिम्मेदारों का गैरजिम्मेदार रवैया

हरिभूमि न्यूज ⏭ गोपालपुर

स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर, जब पूरा देश आजादी के 79 वर्ष पूरे होने की खुशी में राष्ट्रीय ध्वज को सम्मान पूर्वक फहरा रहा था, तब सरसींवा तहसील के ग्राम पंचायत मंधाईभाठा के उप स्वास्थ्य केंद्र आरोग्य केंद्र में राष्ट्रीय सम्मान को ठेस पहुँचाने वाली शर्मनाक घटना सामने आई। दरअसल 15 अगस्त को उप स्वास्थ्य केंद्र आरोग्य केंद्र में ध्वजारोहण के दौरान तिरंगा झंडा न केवल उल्टा फहराया गया, बल्कि स्वतंत्रता दिवस के निर्धारित प्रोटोकॉल का भी घोर उल्लंघन किया गया। झंडे में केसरिया रंग नीचे और हरा रंग ऊपर रखा गया, जो सीधा-सीधा राष्ट्रीय गौरव अपमान निवारण अधिनियम, 1971, के तहत राष्ट्रीय ध्वज का अपमान है। इतना ही नहीं, 15 अगस्त पर झंडा हमेशा नीचे से ऊपर खींचकर फहराया जाता है, लेकिन यहाँ यह प्रक्रिया भी पूरी तरह से अनदेखी की गई।

- जिलाधिकारी व स्वास्थ्य अधिकारी ने नहीं दिखाई संवेदनशीलता, ग्रामीणों में गुस्सा



जब इस मामले पर संस्था प्रमुख तिलोक साहू से सवाल पूछा गया कि झंडा उल्टा क्यों फहराया गया और नियमों की अनदेखी क्यों हुई, तो उन्होंने मुझे पता नहीं कहकर जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लिया और सारा मामला गाँव के सरपंच दीनानाथ जाटवर पर डाल दिया झंडा सरपंच ने फहराया है हमारी कोई गलती नहीं कहते हुए। बातचीत के दौरान उनका बर्ताव गैर-जिम्मेदार और उपेक्षापूर्ण रहा। इसके बाद मामले की जानकारी जिला चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी फिरत राम निराला को दी गई, लेकिन उनका रवैया भी उतना ही असंवेदनशील रहा। उन्होंने न केवल मामले को हल्के में लिया, बल्कि शिकायतकर्ता से तुम क्या धमकी देते हो जैसे आपत्तिजनक और धमकी भरे लहजे में बात की।

**कानूनी पक्ष**

झंडा संहिता 2002 के नियमों का स्पष्ट उल्लंघन राष्ट्रीय गौरव अपमान निवारण अधिनियम, 1971, की धारा 2 के तहत अपराध – अधिकतम 3 साल की सजा, जुर्माना या दोनों सरकारी संस्थान में यह कृत्य होने से मामला और भी गंभीर मना जाता है यह मामला गैर जमानती और संज्ञेय प्रकार की है।

**ग्रामीणों की मांग**

ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से इस घटना में शामिल संस्था प्रमुख और जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ तत्काल कठोर कार्रवाई की मांग की है, ताकि भविष्य में किसी भी सरकारी संस्थान में राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान से खिलवाड़ न हो।

## शिकारी केसली में हुई मटकी फोड़ प्रतियोगिता





हरिभूमि न्यूज ⏭ सुहेला

गांव शिकारी केसली में हर वर्ष की परंपरा के अनुसार इस वर्ष भी श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर मटकी फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छोटे-छोटे बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

- बच्चों ने बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा

प्रतियोगिता में विजेताओं को प्रोत्साहन स्वरूप पुरस्कार दिए गए- प्रथम पुरस्कार सौर्य वर्मा को प्रदान किया गया, द्वितीय पुरस्कार कोमल यादव को मिला, तृतीय पुरस्कार मुकुंद वर्मा को दिया गया, कार्यक्रम में गांव के सरपंच संतोषी नारायण नेताम मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

इनके साथ भोला वर्मा, ठाकुर राम, प्रेम लाल, नितेंद्र वर्मा, नोहर, तथा अवध नरेश ध्रुव सहित समस्त ग्रामवासी बड़ी संख्या में मौजूद थे।सभी अतिथियों ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया और इस प्रकार के आयोजनों को गांव की एकता और संस्कृति का प्रतीक बताया। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए ग्रामवासियों ने मिलकर सहयोग किया।

## कुर्मी मंगल भवन में राज प्रधान सुनीता वर्मा ने किया ध्वजारोहण

**बलौदाबाजार**। स्वतंत्रता दिवस के पावन पर्व पर नगर के कुर्मी मंगल भवन में मंगलवार सुबह धूमधाम से तिरंगा फहराया गया। प्रातः 7:30 बजे राज प्रधान सुनीता वर्मा ने ध्वजारोहण कर राष्ट्रगान के साथ समारोह की शुरुआत की। इस अवसर पर स्वतंत्रता संग्राम के बलिदानियों को याद करते हुए उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए गए तथा 'जय हिंद', 'वंदे मातरम्' और 'भारत माता की जय' के नारों से वातावरण गूंज उठा।

समारोह में वक्ताओं ने देश की आजादी के लिए शहीदों के योगदान को नमन करते हुए समाज के लोगों से राष्ट्र की एकता और अखंडता बनाए रखने का संकल्प लेने का आह्वान किया। कार्यक्रम में संरक्षक



ताराचंद धुरंधर, नरसिंह वर्मा, वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता पुनीत राम वर्मा, नगर अध्यक्ष हेमंत टिकरिहा, मंगल भवन प्रभारी गणेश बघमार, मीडिया प्रभारी महेश वर्मा, युवाध्यक्ष ओमप्रकाश वर्मा, महिला नगर अध्यक्षा सरिता नायक, सुशीला वर्मा, सरिता वर्मा, भारती वर्मा, तामेश्वर वर्मा, भिनेश्वर वर्मा, राजेश वर्मा सहित बड़ी संख्या में समाज के जागरूक नागरिक उपस्थित रहे।

## अस्पताल-स्कूल का औचक निरीक्षण करने पहुंचे कलेक्टर

गोपालपुर । कलेक्टर डॉ. दीपक सोनी ने बिलाईगढ़ ब्लॉक अंतर्गत सरसींवा क्षेत्र के स्वास्थ्य केंद्र व शासकीय स्कूलों का आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने जिम्मेदार अधिकारियों, नर्सों व शिक्षकों को अपने कर्तव्यों का पालन ईमानदारी से करते रहने के निर्देश दिए।

गोपालपुर के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में कलेक्टर ने औषधि कक्ष, ओपीडी, पैथोलॉजी लैब व नवजात देखभाल इकाई की समीक्षा की। इस दौरान मरीजों से बातचीत कर इलाज, सुविधाएं और नर्सों की उपस्थिति को लेकर जानकारी ली। उन्होंने महिला वार्ड में प्रसूताओं से भोजन और देखरेख को लेकर फीडबैक लिया। पैथोलॉजी रिपोर्ट में देरी न हो, इसके लिए स्पष्ट निर्देश दिए गए।

**स्वास्थ्य केंद्र की स्थिति :** स्वास्थ्य केंद्र में प्रतिदिन औसतन 70 मरीजों का इलाज किया जा रहा है। मरीजों ने भोजन, दवा व नर्सिंग सेवाओं को लेकर संतोष जताया। कलेक्टर ने स्टाफ से कहा कि रिपोर्ट समय पर दें और मरीजों को समुचित जानकारी दें, ताकि उन्हें परेशान न होना पड़े।

**विद्यार्थियों से संवाद और फीडबैक :** निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खम्हरिया में कक्षा 10वीं और 12वीं के विद्यार्थियों से बातचीत की। कक्षा 10वीं



में डार्विनवाद पर पूछे गए सवालों का सही उत्तर न मिलने पर उन्होंने गंभीरता जताई और बोर्ड परीक्षा में सभी छात्रों को फर्स्ट डिविजन में पास कराने का लक्ष्य निर्धारित किया।

**विशेष कक्षा लगाने के दिए निर्देश**

कलेक्टर ने विज्ञान शिक्षिका से अब तक पढ़ाए गए अध्यायों की जानकारी ली और जिन विद्यार्थियों का प्रदर्शन कमजोर रहा है, उनके लिए अलग से विशेष कक्षाएं लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विद्यालय और शिक्षक मिलकर विद्यार्थियों की तैयारी मजबूत करें ताकि परीक्षा में बेहतर परिणाम हासिल हो सकें। कलेक्टर का यह औचक निरीक्षण शिक्षा और स्वास्थ्य व्यवस्था में सुधार के प्रति प्रशासन की गंभीरता और तत्परता को दर्शाता है।

## पेज 11 के शेष

### फाइनेंस कंपनी के पूर्व...

से हटा दिया है, मै अन्य कंपनी में नौकरी कर रहा हूं।

**ग्राहकों की मांग, हो ठोस कार्रवाई :** पीड़ितों का कहना है कि आकाश ठाकुर ने कंपनी की ओर से अधिकृत अधिकारी होने का दावा कर कंप्यूटर से रसीद निकाल कर ग्राहकों को थमाई, जिससे सभी को विश्वास हो गया कि भुगतान सही जगह जमा हो रहा है। लेकिन बाद में पता चला कि रकम न तो रायपुर ऑफिस में जमा हुई, न ही लोन बंद किया गया। मनोज तिवारी, विकास बघेल, मोहन साहू, जय कुमार धीरे सहित अन्य पीड़ितों ने कहा कि पुलिस को मामले में धोखाधड़ी और जालसाजी की धाराओं में एफआईआर दर्ज कर आकाश ठाकुर को गिरफ्तार करना चाहिए, ताकि अन्य लोग इसकी चपेट में न आएं। यह मामला सिर्फ आर्थिक ठगी नहीं, बल्कि ग्राहकों के बैंकिंग भविष्य से खिलवाड़ है, जिसकी जवाबदेही तय होना जरूरी है।

### कलेक्टर ने की खाद...

के लिए विभागों के बीच समन्वय बढ़ाया गया है। इस प्रक्रिया में भंडारण केंद्रों की क्षमता बढ़ाने और नियमित निरीक्षण को अनिवार्य किया गया है।

**एग्रीस्टेक पोर्टल पंजीयन का महत्व :** एग्रीस्टेक पोर्टल पर पंजीयन कराना किसानों के लिए बेहद जरूरी है। इसके माध्यम से उन्हें सरकारी कृषि योजनाओं, सब्सिडी और वित्तीय सहायता का लाभ मिलता है। जिला प्रशासन ने सभी किसानों से अनुरोध किया है कि वे जल्द से जल्द पंजीयन कराएं और डिजिटल सेवाओं का लाभ उठाएं।

### साइबर धोखाधड़ी व वित्तीय...

एसबीआई प्रबंधक, और जिले के जनप्रतिनिधि, सचिव एवं वरिष्ठ नागरिक बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

फाइनेंस में समझ जरूरी, जोखिम से बचाव संभव : आरबीआई प्रबंधक नवीन तिवारी ने वित्तीय योजना में बजटिंग, बचत और निवेश विविधता पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि यदि किसी बैंक से जुड़ी शिकायत 30 दिन में हल नहीं होती है, तो ग्राहक बैंकिंग लोकपाल या डिजिटल बैंकिंग हेल्पलाइन पर शिकायत कर सकते हैं। साथ ही बताया कि पंचायत स्तर पर डिजिटल साक्षरता शिविर भी लगाए जा रहे हैं।






















संकलनकर्ता : मिथिलेश वर्मा, सत्यम एड एजेंसी-सुहेला, मो. 9425257408


मा. नरेन्द्र मोदी
मा. अमित शाह
मा. विष्णुदेव साय
मा. किरण देव
मा. अरूण साव
मा. विजय शर्मा
मा. श्याम बिहारी जायसवाल
मा. आकांक्षा जायसवाल
मा. गीता डोमन वर्मा
मा. वेदेश्वरी त्रिलोक यादव
ग्राम पंचायत अर्जुनी
की ओर से
समस्त ग्रामवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की
हार्दिक बधाई
एवं शुभकामनाएं...
मा. टंकराम वर्मा जी
मंत्री, खेलकूद एवं युवा कल्याण
राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग (छ.ग. शासन)
श्रीमती कविता भगेला ध्रुव
सरपंच ग्रा.पं. अर्जुनी
विष्णु साहू (पूर्व सैनिक)
उपसरपंच ग्रा.पं. अर्जुनी
राजेश साहू
सचिव ग्रा.पं. अर्जुनी
विनोद सोनी
रोजगार सहायक ग्रा.पं. अर्जुनी
सुखराम ध्रुव
सरपंच प्रतिनिधि ग्राम सभा अर्जुनी
पंच, वार्ड क्र. 01
पंच, वार्ड क्र. 02
पंच, वार्ड क्र. 04
पंच, वार्ड क्र. 05
पंच, वार्ड क्र. 06
पंच, वार्ड क्र. 07
पंच, वार्ड क्र. 08
पंच, वार्ड क्र. 09
पंच, वार्ड क्र. 10
पंच, वार्ड क्र. 11
पंच, वार्ड क्र. 12
पंच, वार्ड क्र. 13
पंच, वार्ड क्र. 14
पंच, वार्ड क्र. 15
पंच, वार्ड क्र. 16
पंच, वार्ड क्र. 17
पंच, वार्ड क्र. 18
पंच, वार्ड क्र. 19
पंच, वार्ड क्र. 20
ग्राम पंचायत अर्जुनी
जनपद पंचायत बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)


समस्त देशवासियों को
ग्राम पंचायत लच्छनपुर
विकासखंड पलारी
की ओर से
स्वतंत्रता पर्व की हार्दिक शुभकामनाऐं...
भूपेन्द्र कुमार साहू
सरपंच
शिवलाल साहू
उपसरपंच
सोम कुमार साहू
सचिव
पंचगण-
लता साहू
दुर्गेश साहू
घनश्याम यदु
मनहरण साहू
महेश्वरी साहू
जमुना बाई साहू
मंजू साहू
कुंती बाई साहू
आरती साहू
उत्तरा बाई साहू
डॉ मनहरण साहू
कामता साहू
सीता बाई साहू
संतोषी साहू
झालेन्द्र कुमार साहू
बिमला साहू
जगदीश साहू
गंगा बाई साहू
दिनेश रजक
राधेश्याम साहू
विनीत – समस्त ग्रामवासी लच्छनपुर


बलौदाबाजार जिलावासियों को
ग्राम पंचायत कोनारी
विकासखंड पलारी
की ओर से
स्वतंत्रता दिवस एवं कृष्ण जन्मोत्सव
की हार्दिक शुभकामनाऐं...
अश्वनी रजक
जनपद सभापति
वन विभाग
अनुराधा पाठक
सरपंच
अनिल पाठक
सरपंच प्रतिनिधि
गंगाराम साहू
उपसरपंच
भोजराम पटेल
सचिव
पंचगण
विनीत : समस्त ग्रामवासी कोनारी



समस्त ग्रामवासियों को
ग्राम पंचायत तिल्दा
विकासखंड पलारी
की ओर से
स्वतंत्रता पर्व एवं कृष्ण जन्मोत्सव
की हार्दिक शुभकामनाऐं...
शकुंतला घृतलहरे
सरपंच
राजेश घृतलहरे
सरपंच प्रतिनिधि
अंजनी पटेल
उपसरपंच
नरेन्द्र कुर्रे
सचिव
पंचगण –
एसराम साहू, देवेन्द्र कुमार साहू, राधा रजक, सुकरिया डहरिया, अमरिका बंजारे, लता बंदे, निराशा बंदे, गोरेलाल घृतलहरे, दयालूराम साहू, रामखिलावन साहू, सुनिता साहू, योगेश्वरी ध्रुव, चंद्रवती पटेल, तामलेश यादव, चुम्मन मानिकपुरी, पार्वती यादव, संतोषी यादव
विनीत : समस्त ग्रामवासी तिल्दा


समस्त ग्रामवासियों को
ग्राम पंचायत मल्लीन
विकासखंड पलारी
की ओर से
स्वतंत्रता दिवस एवं कृष्ण जन्मोत्सव
की हार्दिक शुभकामनाऐं...
अश्वनी रजक
जनपद सभापति
वन विभाग
रामकली महेश मिर्झा
सरपंच
बुन्दा साहू
उपसरपंच
भोजराम पटेल
सचिव
पंचगण –
टिकेश्वर ध्रुव, शशी ध्रुव, क्लीराम साहू, नारायण प्रसाद साहू, उधो साहू, जीवराखन साहू, फोटो बाई मानिकपुरी, पूर्णीमा ध्रुव, सुमित्रा साहू, अंजोर दास नारंग, बालमुकुंद ध्रुव, सतवंतीन ध्रुव, प्रियंका भारद्वाज, नोखराम बंजारे, संध्या बेना, सावित्री मानिकपुरी,परमेश्वरी साहू
विनीत : समस्त ग्रामवासी मल्लीन

सिटीप्लेक्स सिनेमा-भाटापारा
14 अगस्त 2025 SHOW TIME
वार-2
शो समय -12:00,3:00,6:30,9:00 PM
कुली
शो समय - 3:15, 9:30 PM
महावतार नरसिम्हा
शो समय - 6:30 PM
नोट : फेसबुक और इंस्टाग्राम में टाईम टेबल देखा जा सकता है।
bookmyshow पर टिकिट बुकिंग सुविधा उपलब्ध
मो. 93001-27666

## खबर संक्षेप

### डॉ संजय हुए राष्ट्रीय पुरस्कार के लिए चयनित



**बलौदाबाजार**। अम्बुजा विद्यापीठ के प्राचार्य डॉ संजय कुमार पांडेय का चयन एक उपदेश मीडिया ने डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन राष्ट्रीय पुरस्कार हेतु किया है। यह पुरस्कार 22 अगस्त को एक भव्य समारोह मे नियो कन्वेंसन, जनवाडा, हैदराबाद मे प्रदान किया जाएगा। यह पुरस्कार विद्यालय के शैक्षणिक उत्कृष्टता एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदाय हेतु प्राचार्य के विशेष योगदान के लिये प्रदान किया जाता हैं। श्री पांडेय शिक्षा में नवाचार के पक्षधर हैं। उनका मत है कि हर विद्यार्थी को शिक्षा के साथ जीवन कौशल मे भी पारंगत होना चाहिए। इसी को ध्यान मे रखते हुए विद्यालय मे पठन-पाठन हेतु आधुनिक साजो सामान को सम्मिलित किया है।

### हमाल संघ के संरक्षक ने किया ध्वजारोहण



**कसडोल**। गणतंत्र दिवस के अवसर पर हमाल चौक कसडोल में हमाल संघ के संरक्षक राजेश कन्नौजे द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इस दौरान प्रबुद्ध जन घनश्याम साहू, हमाल संघ के पदाधिकारी गुड़ा केवट, परदेसी चौहान ,ढेला पैकरा, मनु केवर्त्य, श्यामलाल साहू, संतोष केवर्त्य, महंगू कोसले गुमान पैकरा ,जवाहिर मानिकपुरी अनेकों सदस्य उपस्थित रहे।

## निधन

### ओमकारणी साहू



**पलारी**। चरौदा निवासी ओमकारणी साहू (28) का आकस्मिक निधन रविवार को हो गया जिनका अन्तिम संस्कार उनके गृह ग्राम चरौदा के मुक्तिधाम में किया गया । जहां पर बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिको ने उपस्थित होकर श्रद्धांजलि अर्पित कि वे अवधराम साहू के बहु व राकेश साहू के पत्नी थी ।

### रम्भा बाई निषाद



**खरोरा**। ग्राम तरपोंगी निवासी रम्भा बाई निषाद (70) का दिनांक 17 अगस्त 2025, रविवार को आकस्मिक निधन हो गया। स्व रंभा बाई निषाद के निधन से समस्त निषाद परिवार एवं ग्रामवासियों में शोक की लहर व्याप्त है। जिसका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। तीरथ राम निषाद, बंसी राम निषाद, सुखीराम निषाद, ओंकार निषाद की माता थी।

### नगर में देर रात तक झूला सजावट, भजन-पूजन और 56 भोग का आयोजन

# बलौदाबाजार में जन्माष्टमी पर उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

नगर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व पूरे धार्मिक उत्साह, श्रद्धा और पारंपरिक भव्यता के साथ मनाया गया। मंदिरों और घरों में भगवान श्रीकृष्ण की आकर्षक झांकी और झूला सजाया गया। देर रात्रि तक भजन-कीर्तन, पूजा-अर्चना और विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। नेहरू चौक में पार्षद शेखर गुप्ता और सर्व यादव समाज द्वारा मटकी फोड़ प्रतियोगिता और कृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया।

वहीं नगर भवन में आयोजित समारोह में यादव समाज ने 56 भोग और आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम में नगर पालिका परिषद अध्यक्ष अशोक जैन और प्रदेश उपाध्यक्ष पुष्पराम यदु मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अशोक जैन ने भगवान श्रीकृष्ण की आरती करते हुए नगरवासियों को जन्माष्टमी की शुभकामनाएँ दीं और श्रीकृष्ण के जीवन से धर्म, नीति और परोपकार की सीख लेने का संदेश दिया।

- यादव समाज ने निकाली राधा-कृष्ण की शोभायात्रा, बच्चों ने दही-हांडी फोड़कर लूटी वाहवाही

#### सांस्कृतिक आयोजन बना आकर्षण का केंद्र

नगर भवन में आयोजित कार्यक्रम में सर्व यादव समाज युवा प्रकोष्ठ और महिला प्रकोष्ठ के तत्वावधान में दही-हांडी, नृत्य, गीत और कृष्ण-राधा की झांकी प्रस्तुत की गई। छोटे बच्चों ने मनमोहक प्रस्तुतियाँ देकर दर्शकों की तालियाँ बटोरीं। नन्ही बच्ची द्वारा प्रस्तुत 'कृष्ण लीला' विशेष आकर्षण रही।





#### शोभायात्रा और महाआरती से गूंजा नगर

महिलाओं की अगुवाई में भव्य कलश यात्रा और भगवान श्रीकृष्ण व राधा रानी की शोभायात्रा निकाली गई, जो नगर भवन से शुरू होकर नया बस स्टैंड, बजरंग चौक होते हुए वापस भवन पहुंची। शोभायात्रा के समापन के बाद महाआरती और प्रसादी वितरण किया गया। श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से हिस्सा लिया।

#### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में शिवराम यादव, दूजेराम यादव, खिकराम यादव, कमलेश्वर यादव, योगेश अग्रवाल (भाजपा नेता), संजय यादव, पवन यादव, भंवर यादव, शुभम यादव, सहित अनेक सामाजिक कार्यकर्ता और गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। महिला प्रकोष्ठ से कमला यादव, शीतल यादव, पुसैया बाई यादव, गीता यादव, रोहिणी यादव, सुनीता यादव, पुष्पा यादव सहित दर्जनों महिलाएँ आयोजन में सक्रिय रहीं। आयोजन समिति ने इस धार्मिक उत्सव को सफल बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी।

## दही हांडी व फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**पलारी**। कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर सिद्धेश्वर युवा मंच पलारी द्वारा दही हांडी उत्सव और फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सिद्धेश्वर युवा मंच के संरक्षक हितेंद्र ठाकुर, गोपी साहू, रोहित साहू, मनीष चंद्राकर, बृजमोहन साहू ने भगवान श्री कृष्ण की पूजा अर्चना कर किया।

फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में 120 की संख्या में कृष्ण राधा बलराम बने छोटे बच्चों के आकर्षक वेशभूषा और डांस ने दर्शकों का मन मोह लिया । युवक युवतियों के लिए आंख बंद मटका फोड़ का भी आयोजन किया गया था जिसमें महिलाओं में 4 और पुरुषों में 3 लोगों ने आंख बंद कर मटका फोड़ा। दही हांडी में पुरुष वर्ग में शांति नगर के युवा प्रथम रहा वही महिला वर्ग में साईं मंदिर चौक प्रथम रही। सभी प्रतिभागियों को आयोजक समिति द्वारा आकर्षक पुरस्कार दिया गया।

**ये रहे उपस्थित :** उक्त अवसर पर सिद्धेश्वर युवा मंच के अध्यक्ष सौरभ वर्मा, साध राम साहू, शेरखान, पिंटू वर्मा, हर्षू वर्मा, शिवम मिश्रा, बाबा हयात खान, हर्षवर्धन वर्मा, ख़ोमेश वर्मा, लखेश्वर वर्मा, पुनीत रजक, सुभान बेग, महेश्वरी बंजारे, मानसी वर्मा, मानसी, राघव रजक, सीनू जांगड़े, रोशन यादव, तुषार यादव, रोहन, कुणाल, अंकित जोशी, चैतन्य वर्मा, दीपांशु तिवारी, विनोद, हर्ष सोनवानी, चन्द्रहाश यादव, अनिकेत टंडन, रुद्र टंडन, शैलेश तिलक बंजारे जांगड़े, अमन, लॉरेन, मयंक, धलेन्द्र, अरमान, अनीश, शौर्य वर्मा सहित भारी संख्या नगरवासी उपस्थित थे।

## धूमधाम से मनाई गई जन्माष्टमी



**हथबंद**। ग्राम हथबंद में जन्माष्टमी का पर्व इस वर्ष भी श्रद्धा, उत्साह और सांस्कृतिक भव्यता के साथ राधे-राधे समिति द्वारा मनाया गया। छोटे-छोटे बच्चों को राधा-कृष्ण की वेशभूषा पहनाकर भगवान के रूप में प्रस्तुत किया गया, जिससे पूरा माहौल कृष्णमय हो उठा। गांव के चौक में मटकी फोड़ (दही हांडी) का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों और ग्रामीणों ने बड़ी संख्या में भाग लेकर आनंद उठाया।

## अल्ट्राटेक सीएसआर सेंटर में युवाओं को मिला प्लंबर का प्रशिक्षण



**बलौदाबाजार**। अल्ट्राटेक रावन सीएसआर के तहत सतत आजीविका पहल के अंतर्गत स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए प्लंबर प्रशिक्षण प्रमाण पत्र एवं टूलकिट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम संयंत्र प्रमुख राजेश कुमार एवं मानव संसाधन प्रमुख करन मिस्त्री के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ।

दो माह की अवधि में 16 प्रशिक्षणार्थियों को प्लंबिंग से जुड़े सिद्धांतों और व्यवहारिक जानकारी के साथ-साथ प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया। प्रशिक्षण में पाइप फिटिंग, लीकेज मरम्मत, जल प्रबंधन, सुरक्षा मानकों और आधुनिक उपकरणों के उपयोग जैसे विषयों को शामिल किया गया। सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र के साथ टूलकिट भी प्रदान की गई, ताकि वे अपने हुनर को आजीविका में बदल सकें।

**हुनर बना रोजगार का ज़रिया :** प्रशिक्षण पूर्ण करने वाले युवाओं ने बताया कि इस कार्यक्रम से उन्हें सिर्फ तकनीकी ज्ञान ही नहीं, बल्कि काम के दौरान आने वाली व्यावहारिक समस्याओं से निपटने की दक्षता भी प्राप्त हुई। प्रशिक्षण के दौरान उन्हें घरों और संस्थानों में जाकर पाइपलाइन इंस्टॉलेशन और मरम्मत का वास्तविक अनुभव मिला। टूलकिट मिलने से अब वे स्वतंत्र रूप से कार्य शुरू कर सकेंगे।

**सीएसआर की टीम ने निभाई महत्वपूर्ण भूमिका :** कार्यक्रम को सफल बनाने में सीएसआर प्रमुख विनोद श्रीवास्तव, ज्योत्सना पति, रंजय पांडेय सहित पूरी टीम ने सक्रिय भूमिका निभाई। एडमिन प्रमुख संजीव मिश्रा ने प्रशिक्षणार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रम युवाओं को आत्मनिर्भरता की राह दिखाते हैं। आयोजन में सुरेंद्र यादव, द्वारिका वर्मा, जानकी यादव, हेमलता ध्रुव, टोपेश्वर दास और सुनीता निषाद का भी विशेष योगदान रहा।

## निहारिका का एमबीबीएस में चयन, विधायक ने दी बधाई



**भवानीपुर**। पलारी विकासखण्ड के ग्राम साहड़ा भवानीपुर की बेटी निहारिका साहू का एमबीबीएस में प्रवेश मिलने पर कसडोल विधायक संदीप साहू सहित गांव के गणमान्य नागरिकों ने बधाई दी है। निहारिका साहू का शासकीय मेडिकल कॉलेज कांकेर में चयन हुआ है। सीबीएसई की राष्ट्रीय पात्रता प्रवेश परीक्षा नीट में उत्तीर्ण होने के बाद निहारिका साहू का दूसरे प्रयास में एमबीबीएस में चयन हुआ है। नीट में इस बेटी ने आल इंडिया में 79940 वां रैंक प्राप्त किया था। इस अवसर पर साहू समाज भवानीपुर ग्रामीणों व सामाजिक जनों ने बधाई दी।

## हथबंद की जामा मस्जिद में लहराया तिरंगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हथबंद



छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के 25 वर्षों बाद वक्फ बोर्ड के निर्देश पर प्रदेश के सभी मस्जिद-मदरसों में स्वतंत्रता दिवस पूरे उत्साह और गरिमा के साथ मनाया गया। हथबंद की ऐतिहासिक जामा मस्जिद में पहली बार ध्वजारोहण कर आजादी का पर्व मनाया गया। मस्जिद के मौलाना आफताब आलम ने तिरंगा फहराया और समाज प्रमुख मुबारक हुसैन की अगुवाई में 'सारे जहाँ से अच्छा' और राजगीत का सामूहिक गायन हुआ।

- सभी वर्गों की भागीदारी से दिखा सद्भाव और एकता का अद्भुत दृश्य

कार्यक्रम में सद्भावना मंच सिमगा-भाटापारा परिक्षेत्र महिला अध्यक्ष फिरोजा निकहत ने कहा कि अपने वतन से मोहब्बत करना अल्लाह की इबादत में शामिल है। उन्होंने इस्लाम के पैगंबर मोहम्मद साहब का संदेश दोहराते हुए प्रेम और सद्भाव का महत्व बताया। जनवादी लेखक संघ के जिलाध्यक्ष चोवा राम वर्मा 'बादल' ने इस पहल को साम्प्रदायिक सद्भाव की दिशा में एक अहम कदम बताया। जामा मस्जिद हथबंद में स्वतंत्रता दिवस पर पहली बार ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर ने स्थानीय मुस्लिम समाज के साथ-साथ अन्य समुदायों को भी एक मंच पर लाकर एकता और देशभक्ति का संदेश दिया।

#### सबकी सहभागिता, सबका उत्सव

कार्यक्रम में मुस्लिम समाज के साथ-साथ अन्य समुदायों के लोगों जैसे चोवाराम वर्मा, मोहित साहू, रामेश्वरी वर्मा और अमर सेन की भी उपस्थिति रही। सभी ने मिलकर तिरंगे को सलामी दी, जिससे यह आयोजन सर्वधर्म समभाव और भाईचारे का प्रतीक बन गया। इस मुबारक मौके पर इनायत खान, बब्बू खान, ताज खान, शमीम खान, हकीम खान, फैजल खान, डॉ. इकबाल हुसैन, यासीन कुरैशी, वहीदा बेगम, गुलनाज परवीन समेत बड़ी संख्या में महिला-पुरुषों ने सहभागिता की। जामा मस्जिद का यह आयोजन आने वाले वर्षों के लिए एक प्रेरणादायी मिसाल बन गया।

## पटवारी संघ सरकार से नाराज़, ऑनलाइन बहिष्कार रहेगा जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अर्जुनी



राज्य शासन द्वारा पटवारियों को 1100 रुपये संसाधन भत्ता देने के आदेश के बाद भी प्रदेशभर के पटवारी संतुष्ट नहीं हैं। बलौदाबाजार जिले के राजस्व पटवारी संघ ने स्पष्ट किया है कि सरकार की ओर से आंशिक मांगें माने जाने के कारण 16 अगस्त से जारी ऑनलाइन बहिष्कार पूर्ववत जारी रहेगा।

- सिर्फ 1100 रुपये संसाधन भत्ता दिए जाने से पटवारी नाराज़

संघ के जिला अध्यक्ष रसपाल सिंह सेन ने बताया कि पटवारियों ने भत्ता बढ़ाने, वेतन विसंगति दूर करने, पुनः बंदोबस्त कराने और भुइयां संपादन की उचित व्यवस्था जैसे अनेक मुद्दों को लेकर 1 अगस्त को शासन को ज्ञापन सौंपा था। लेकिन शासन ने केवल संसाधन भत्ते को लेकर 17 अगस्त को आदेश जारी किया, जो पटवारियों की प्रमुख मांगों को दरकिनार करता है।

#### क्या है पटवारियों की नाराज़गी

पूर्व में पटवारियों को 250 स्टेशनरी भत्ता मिलता था। नए आदेश में 1350 दिए जाएं। आदेश में यह कटौती कर दी गई, जिससे संघ ने असंतोष जताया है।

#### किसानों पर सीधा असर

पटवारियों द्वारा ऑनलाइन कार्यों का बहिष्कार किए जाने से गिरदावरी, नक्शा बटांकन, डीएससी और त्रुटि सुधार जैसे कार्य ठप हो गए हैं। इससे धान पंजीयन, खाद-बीज वितरण जैसे महत्वपूर्ण कृषि कार्यों में किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पटवारी संघ ने स्पष्ट किया कि भुइयां सॉफ्टवेयर के संचालन में बीते 11 वर्षों से स्वयं खर्च उठाया जा रहा है, लेकिन शासन ने इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया। उन्होंने कहा कि जब तक समस्त मांगें नहीं मानी जातीं, ऑनलाइन कार्यों का बहिष्कार जारी रहेगा। संघ ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही संतोषजनक समाधान नहीं निकाला गया, तो आंदोलन और तेज किया जाएगा।

## रेंगाडीह शाला में हुआ ध्वजारोहण



**पलारी**। आजादी का पर्व स्वतंत्रता दिवस पलारी अंचल में धूमधाम से मनाया गया है। क्षेत्र के विभिन्न संस्थानों, चौक, कार्यालयों में ध्वजारोहण किया गया है। ग्राम पंचायत रेंगाडीह शासकीय शाला में अध्यक्ष धन्नू साहू ने ध्वजारोहण किया। इसके साथ ही भारत माता के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया गया जिसके उपरांत सभी वीर शहीदों को याद, उनकी कुर्बानी को याद, पुष्प अर्पित कर उन्हें प्रणाम किया। ध्वजारोहण होने के उपरांत सभी ने राष्ट्रगान गाकर तिरंगे को सलामी दी। इस दौरान धन्नू साहू ने स्वतंत्रता दिवस पर शुभकामनांए देते हुए कहा कि सभी राष्ट्रीय एकता को और अधिक सुदृढ़ बनाने का प्रयास करें। हमें देश की आजादी के मूल्यों को समझने का प्रयास करना चाहिए। असंख्य राष्ट्रभक्त स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के पावन बलिदन से हमें आजादी प्राप्त हुई है। नई पीढ़ी अपने अतीत का स्मरण रखते हुए वर्तमान के प्रति अपने दायित्वों का निर्वहन करें, जिससे स्वर्णिम भविष्य का मार्ग प्रसस्त हो। अनेकता में एकता भारत की विशेषता है। इसे बनाए रखने का प्रयास करना चाहिए। हम सब मिलकर अपने भागीरथीं प्रयास से छत्तीसगढ़ राज्य की विकास की गंगा को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लेते हुए विश्व के मानचित्र पर भारत को विकसित राष्ट्रों की श्रेणी में अग्रणी पंक्ति में पहुंचाने का प्रयास करें।

## शिवरीनारायण में हुआ पनिका समाज का चुनाव, आठोराज व ट्रस्ट समिति गठित



**गिधौरी**। धार्मिक नगरी शिवरीनारायण में छत्तीसगढ़ मानिकपुरी पनिका समाज के बैनर तले रविवार को समाज के प्रदेश कोषाध्यक्ष और चुनाव के मुख्य निर्वाचन अधिकारी गोपाल दास पड़वार के निर्देश पर आठोराज जिसमें नवागढ़, पामगढ़, अकलतरा, मस्तूरी ,बिलाईगढ़, कसडोल, और लवनराज के अंतर्गत लगभग 800 गांव आता है सामाजिक स्वजाती बंधुओं के समक्ष आठोराज और कबीर ट्रस्ट मंदिर शिवरीनारायण का चुनाव मानिकपुरी पनिका समाज की धरोहर सद्गुरु कबीर मंदिर शिवरीनारायण स्थल में सैकड़ों की संख्या मे आत्मीयजनों स्वजातीय बंधुओं स्वजनों की सर्व सहमति से चुनाव सम्पन हुआ।

- सैकड़ों स्वजातीय जनों की उपस्थिति में निर्विरोध हुआ चुनाव

जिसमें आठोराज के अध्यक्ष सोहन दास महन्त रिकोटर बिलाईगढ़, उपाध्यक्ष दुर्गा दास महन्त तागा अकलतरा, सचिव श मोती दास महन्त लछनपुर लवनराज, कोषाध्यक्ष सुरेश दास महन्त सुकुलकारी मस्तूरी और सहसचिव श गौतम दास महन्त उदयभाठा नवागढ़ से और सद्गुरु कबीर मंदिर ट्रस्ट शिवरीनारायण का अध्यक्ष रामधन दास महन्त गिद्धा नवागढ़, उपाध्यक्ष भगत दास महन्त चेउडीह पामगढ़, सचिव जगमोहन दास महन्त सुरगुली बिलाईगढ़, कोषाध्यक्ष नारायण दास महन्त जगमहन्त नवागढ़ और सहसचिव कोयल दास महन्त टेमरी कसडोल से निर्विरोध चुने गए, सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने सद्गुरु कबीर साहेब के चरणों मे शीश नवाकर प्रणाम कर समाज को साक्षी मानकर आशीर्वाद लिया । इस अवसर पर समाज के अनेक पदाधिकारि समाजसेवी स्वजातीय उपस्थित थे । इस अवसर पर मीडिया से रूबरू होते हुए अध्यक्ष ने कहा कि मंदिर और समाज की उत्तरोत्तर विकास के लिए पूरे टिम वर्क के साथ काम करेंगे ।

